## रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
## ०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

| | |
|---|---|
| Test Date | 05/06/2025 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB NTPC Graduate Level I |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

### Section : RRB NTPC Graduate Level I

**Q.1** यदि ₹47,100 को 9% वार्षिक ब्याज दर से 2 वर्ष के लिए जमा किया जाता है, तो वार्षिक रूप से संयोजित चक्रवृद्धि ब्याज और साधारण ब्याज के बीच का अंतर कितना है?

**Ans**
✗ 1. ₹382.71
✓ 2. ₹381.51
✗ 3. ₹391.21
✗ 4. ₹391.81

**Q.2** सौरा चित्रकला, जोकि एक जनजातीय कला रूप है, पारंपरिक रूप से किस भारतीय राज्य के समुदायों द्वारा बनाई जाती है?

**Ans**
✗ 1. मध्य प्रदेश
✓ 2. ओडिशा
✗ 3. राजस्थान
✗ 4. गुजरात

**Q.3** एक लम्ब वृत्तीय शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 6500π $cm^2$ है, तथा इसके आधार का व्यास 100 cm है। शंकु की ऊँचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. 120
✗ 2. 115
✗ 3. 119
✗ 4. 125

**Q.4** उस त्रिक का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

**EL-GN-IK**
**GN-IP-KM**

**Ans**
✗ 1. JP-KR-MQ
✓ 2. IP-KR-MO
✗ 3. IP-KR-MQ
✗ 4. JP-KS-MQ

**Q.5** व्यक्तियों के एक समूह में पुरुष, महिलाएँ और बच्चे शामिल हैं। उनमें से 20% पुरुष हैं, 50% महिलाएँ हैं और बाकी बच्चे हैं, और उनका औसत वज़न क्रमशः 45 kg, 60 kg और 20 kg है। समूह का औसत वज़न (kg में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
✓ 1. 45
✗ 2. 43
✗ 3. 44
4. 42

**Q.6** कमलेश ने ₹10,000 में कुछ साड़ियाँ और सूट खरीदे। प्रत्येक साड़ी की कीमत ₹1,500 है, और प्रत्येक सूट की कीमत ₹1,000 है। साड़ियों और सूट की कुल संख्या 8 है। सूट और साड़ियों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. 3 साड़ियाँ और 5 सूट

✗ 2. 2 साड़ियाँ और 6 सूट

✗ 3. 5 साड़ियाँ और 3 सूट

✓ 4. 4 साड़ियाँ और 4 सूट

**Q.7** उदय बिंदु A से ड्राइव करना आरंभ करता है और दक्षिण की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 2 km ड्राइव करता है, फिर वह बाएं मुड़ता है और 5 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 8 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुन: वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए (सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो)?

**Ans**

✗ 1. 5 km; पश्चिम

✗ 2. 4 km; पूर्व

✓ 3. 5 km; पूर्व

✗ 4. 3 km; पूर्व

**Q.8** बुकर 2024 के लिए लघुसूचित लोकप्रिय उपन्यास 'हेल्ड (Held)' के लेखक का नाम क्या है?

**Ans**

✗ 1. जे के राउलिंग (J K Rowling)

✗ 2. सारा जे मास (Sarah J Maas)

✓ 3. ऐनी माइकल्स (Anne Michaels)

✗ 4. रिक रिओर्डन (Rick Riordan)

**Q.9** कंप्यूटर सिस्टम में CPU का प्राथमिक कार्य क्या है?

**Ans**

✓ 1. निर्देशों को निष्पादित करना और डेटा को प्रोसेस करना

✗ 2. डेटा को स्थायी रूप से संग्रहीत करना

✗ 3. इनपुट और आउटपुट डिवाइस कनेक्ट करना

✗ 4. पावर सप्लाई का प्रबंधन करना

**Q.10** साधारण ब्याज पर कोई धनराशि 12 वर्षों में किस ब्याज दर (दो दशमलव अंकों तक पूर्णांकित) से स्वयं की दोगुनी हो जाएगी?

**Ans**

✓ 1. 8.33%

✗ 2. 10.33%

✗ 3. 16.67%

✗ 4. 6.33%

**Q.11** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, गंगा की सहायक नदी नहीं है, लेकिन यह सीधे बंगाल की खाड़ी में गिरती है?

**Ans**

✗ 1. कोसी

✗ 2. गोमती

✓ 3. महानदी

✗ 4. घाघरा

**Q.12** यदि 'S' का अर्थ '−' है, 'Q' का अर्थ '×' है, 'R' का अर्थ '÷' है, और 'P' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

1 P 4 5 R 2 Q 2 S 4 = ?

**Ans**

✗ 1. 46

✗ 2. 40

✗ 3. 36

✓ 4. 42

**Q.13** यह प्रश्न नीचे दिए गए शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) ACT BUS CAR DAD (दाएं)

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर में बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर में बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
- ✔ 1. तीन
- ✘ 2. दो
- ✘ 3. एक में भी नहीं
- ✘ 4. एक

**Q.14** सुनील बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 11 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 3 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। अंत में वह दाएं मुड़ता है, 7 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक कि निर्दिष्ट न किया गया हो, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
- ✔ 1. 9 km, पूर्व की ओर
- ✘ 2. 7 km, पूर्व की ओर
- ✘ 3. 8 km, पूर्व की ओर
- ✘ 4. 9 km, पश्चिम की ओर

**Q.15** निम्नलिखित में से कौन-सा, ऑपरेटिंग सिस्टम के कर्नेल (kernel) की भूमिका को सर्वोत्तम रूप से व्यक्त करता है?

Ans
- ✘ 1. फ़ाइल प्रबंधन और सिस्टम कॉन्फ़िगरेशन के लिए यूटिलिटी प्रोग्रामों का एक सूट (suite) प्रदान करना
- ✘ 2. उपयोगकर्ता अकाउंट्स और एक्सेस परमिशनों का प्रबंधन करना
- ✔ 3. एप्लिकेशन और सिस्टम हार्डवेयर के बीच मुख्य इंटरफ़ेस के रूप में कार्य करना
- ✘ 4. उपयोगकर्ता इंटरैक्शन के लिए ग्राफ़िकल यूज़र इंटरफ़ेस प्रदान करना

**Q.16** नीचे संख्याओं के दो सेट दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक सेट में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रिया करके तीसरी संख्या प्राप्त की जाती है और इसी प्रकार आगे भी संख्याएं प्राप्त की जाती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, प्रश्न में दी गई संक्रियाओं के समान सेट का अनुसरण करता है?
(नोट – दो/तीन अंकों की संख्या को संक्रियाओं के लिए अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है, उदाहरण के लिए, यदि 37 के बाद 10 है, तो संक्रिया 3+7 नहीं हो सकती है, क्योंकि दो अंकों की संख्या को अलग-अलग अंकों में नहीं तोड़ा जा सकता है।)
3 - 5 - 10 - 12 ; 8 - 10 - 20 - 22

Ans
- ✘ 1. 4 - 6 - 12 - 24
- ✔ 2. 18 - 20 - 40 - 42
- ✘ 3. 28 - 30 - 60 - 64
- ✘ 4. 6 - 10 - 12 - 24

**Q.17** मंजीत अपनी आय का 40% खर्च करता है। यदि वह ₹18,000 बचाता है, तो उसकी आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
- ✘ 1. 7,200
- ✘ 2. 31,000
- ✔ 3. 30,000
- ✘ 4. 29,000

**Q.18** यदि 3.5 : 17.4 :: 14 : x है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ 1. 69.6
- ✘ 2. 72.9
- ✘ 3. 67.9
- ✘ 4. 65.9

**Q.19** A, B, C, D, G, H और I, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
A के दाईं ओर से गिनने पर, A और H के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। H और D के बीच केवल दो लोग बैठे हैं। A और B के बीच केवल तीन लोग बैठे हैं। C, I के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है।
G के बाईं ओर तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

**Ans**
1. C ✗
2. I ✓
3. A ✗
4. H ✗

**Q.20** नवंबर 2024 में, ICA वैश्विक सहकारी सम्मेलन का विषय क्या था?

**Ans**
1. सहकारिता के माध्यम से संधारणीय विकास ✗
2. सहकारिता एक बेहतर विश्व का निर्माण है ✗
3. आर्थिक वृद्धि के लिए सहकारिता ✗
4. सहकारिता सभी के लिए समृद्धि का निर्माण है ✓

**Q.21** लिनक्स गनोम (Linux GNOME) डेस्कटॉप एनवायरनमेंट में Alt + F2 का क्या कार्य है?

**Ans**
1. वर्तमान विंडो (window) को रिफ्रेश करना ✗
2. रन कमांड (Run Command) डायलॉग बॉक्स ओपन करना ✓
3. वर्तमान एप्लिकेशन को बंद करना ✗
4. पूर्ण-स्क्रीन और विंडो मोड के बीच (Toggle) टॉगल करना ✗

**Q.22** 25 वास्तविक संख्याओं का समांतर माध्य 110 है। यदि 10 संख्याओं में से प्रत्येक में $12\frac{1}{2}$ की वृद्धि की जाए, अन्य 10 संख्याओं में से प्रत्येक में 15 की वृद्धि की जाए तथा शेष 5 संख्याओं में कोई परिवर्तन न किया जाए, तो समांतर माध्य का नया मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 121 ✓
2. 112 ✗
3. 120 ✗
4. 125 ✗

**Q.23** नमूना पंजीकरण प्रणाली (SRS), 2019 के अनुसार भारत में शिशु मृत्यु दर (IMR) कितनी थी?

**Ans**
1. प्रति 1000 जीवित जन्मों मे से 28 ✗
2. प्रति 1000 जीवित जन्मों मे से 34 ✗
3. प्रति 1000 जीवित जन्मों मे से 30 ✓
4. प्रति 1000 जीवित जन्मों मे से 32 ✗

**Q.24** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. XY - ST ✗
2. OP - JK ✗
3. HK - LP ✓
4. KL - FG ✗

**Q.25** सचिन ने क्रमशः पहला पेन ₹630 और दूसरा पेन ₹722 में खरीदा। वह पहला पेन 70% लाभ पर बेचता है लेकिन खरीदार कीमत के लिए मोल-भाव करता है, और उसे 9% छूट की छूट देनी पड़ती है और उसने दूसरा पेन 71% के लाभ पर बेचा। इस लेन-देन में उसे कुल कितना लाभ हुआ (दो दशमलव स्थानों तक सही)?

**Ans**
1. ₹855.49 ✗
2. ₹854.79 ✗
3. ₹856.32 ✗
4. ₹857.23

Q.26 ब्रिटिश शासन के दौरान इंडियन पीपुल्स थिएटर एसोसिएशन (People's Theatre Association - IPTA) ने क्या भूमिका निभाई?

Ans
1. ब्रिटिश शिक्षा नीति को प्रोत्साहित किया
2. शास्त्रीय नृत्य को बढ़ावा दिया
3. ब्रिटिश युद्ध प्रयासों को सपोर्ट किया
4. कला के माध्यम से असहमति व्यक्त की

Q.27 इस प्रश्न में, संख्या/प्रतीक के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद आने वाली शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। कूटों का सही संयोजन (केवल लागू होने वाली शर्त/शर्तों का पालन करते हुए) आपका उत्तर है।

| संख्या/प्रतीक | 7 | 9 | @ | & | 2 | 3 | 5 | # | 1 | 8 | Δ | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कूट | L | C | Z | M | D | W | A | P | R | T | F | B | K |

शर्तें:
(i) यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाना चाहिए।
(ii) यदि पहला घटक सम संख्या है और अंतिम घटक विषम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए
(iii) यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।

2 # @ 7 9

Ans
1. D P Z L ©
2. © P L Z C
3. © P Z L C
4. © P Z L ©

Q.28 राजेश के पास 156 लीटर तेल A और 256 लीटर तेल B है। वह कई एकसमान कंटेनरों को दो प्रकार के तेल से इस तरह भरता है कि प्रत्येक कंटेनर में केवल एक प्रकार का तेल होता है, और सभी कंटेनर पूरी तरह से भरे होते हैं। राजेश द्वारा उपयोग किए जाने वाले प्रत्येक कंटेनर का अधिकतम आयतन (लीटर में) कितना हो सकता है, ताकि राजेश के पास मौजूद दोनों प्रकार के संपूर्ण तेल को इन कंटेनरों में भरा जा सके?

Ans
1. 6
2. 4
3. 10
4. 13

Q.29 सिंधु बेसिन तंत्र (Indus basin system) की एक प्रमुख नदी निम्नलिखित में से कौन-सी है?

Ans
1. यमुना
2. रावी
3. गोदावरी
4. कावेरी

Q.30 यदि '+' का अर्थ '–' है, '–' का अर्थ '×' है, '×' का अर्थ '÷' है तथा '÷' का अर्थ '+' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

502 ÷ 78 + 2 – 258 × 2 = ?

Ans
1. 124
2. 560
3. 322
4. 74562

**Q.31** यदि कोई भारतीय नागरिक स्वेच्छा से किसी अन्य देश का नागरिक बन जाए तो क्या होगा?

Ans
1. उसे सरकार की मंजूरी लेनी होगी।
2. उसकी भारतीय नागरिकता स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। ✔
3. कुछ भी नहीं बदलेगा।
4. वह दोहरी नागरिकता वाला बन जाएगा।

**Q.32** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
सभी कार, बस हैं।
सभी बस, ट्रक हैं।
कुछ बस, जहाज हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ जहाज, कार हैं।
(II) सभी ट्रक, कार हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। ✔
4. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Q.33** किस शासक ने शेर शाह सूरी के उत्तराधिकारियों को पराजित कर 1555 तक अपना हारा हुआ राज्य वापस पा लिया, जिससे दूसरे अफ़गान साम्राज्य का अंत हो गया?

Ans
1. बाबर
2. हुमायूं ✔
3. औरंगज़ेब
4. मुहम्मद बिन तुगलक

**Q.34** C, D, E, F, S, T और U में से प्रत्येक की परीक्षा, सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। T से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा होती है। D के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। T और F के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा होती है। E और C के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा होती है। U की परीक्षा E से ठीक पहले होती है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा शुक्रवार को होती है?

Ans
1. T
2. S ✔
3. E
4. U

**Q.35** प्राणिसम पोषण (holozoic nutrition) में, जटिल प्राणियों के लिए प्रथम महत्वपूर्ण चरण __________ है।

Ans
1. अवशोषण (absorption)
2. अंतर्ग्रहण (ingestion) ✔
3. स्वांगीकरण (assimilation)
4. बहिःक्षेपण (egestion)

**Q.36** AB, CD के समांतर है। एक तिर्यक रेखा PQ, AB और CD को क्रमशः E और F पर प्रतिच्छेद करती है, तथा ∠PEB = 56° है। G, AB और CD के बीच एक बिंदु इस प्रकार है कि ∠BEG = 32° और ∠GFE = 47° है। ∠EGF की माप कितनी है?

Ans
1. 46°
2. 29°
3. 37°
4. 41° ✔

Q.37 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

802 800 796 790 782 ?

Ans
1. 770
2. 772
3. 776
4. 774

Q.38 एक डेस्क का अंकित मूल्य ₹7,725 है, जो क्रय मूल्य से 25% अधिक है। इसे अंकित मूल्य पर 4% की छूट पर बेचा जाता है। लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 19%
2. 20%
3. 22%
4. 21%

Q.39 जब 26, 40, 22 और 34 में से प्रत्येक में x जोड़ा जाता है, तो इस क्रम में प्राप्त संख्याएँ समानुपात में होती हैं। तो, यदि 4x : y :: y : (7x-6), और y > 0 है, तो y का मान कितना होगा?

Ans
1. 3
2. 2
3. 9
4. 8

Q.40 निम्नलिखित में से कौन-सी कृषि पद्धति पूर्वोत्तर भारत में अधिकतर अपनाई जाती है और मृदा अपरदन का कारण बनती है?

Ans
1. मिश्रित कृषि
2. वेदिका कृषि
3. डेयरी कृषि
4. स्थानांतरी कृषि

Q.41 एक निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
A − B का अर्थ है कि'A, B का भाई है',
A × B का अर्थ है कि'A, B की पत्नी है' और
A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'M + N − O ÷ P × Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
1. पत्नी की माता की माता
2. पत्नी के पिता की बहन
3. पत्नी के पिता की माता
4. पत्नी की माता की बहन

Q.42 एक निश्चित कूट भाषा में, 'GIVE' को '4628' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'VOLT' को '3567' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'V' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 6
2. 5
3. 3
4. 2

Q.43 निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची, जनजातीय मामलों के लिए ग्राम परिषदों या अदालतों के गठन की अनुमति देती है?

Ans
1. दसवीं अनुसूची
2. छठी अनुसूची
3. सातवीं अनुसूची
4. पांचवीं अनुसूची

**Q.44** विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?

**Ans**

1. 134 ✔
2. 180
3. 150
4. 120

**Q.45** निम्नलिखित में से कौन, संथाल विद्रोह का भागीदार नहीं था?

**Ans**

1. ताना भगत ✔
2. कान्हो
3. भैरव
4. चांद

**Q.46** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

63 ÷ 12 − 98 × 7 + 35 = ?

**Ans**

1. 745
2. 742
3. 736
4. 735 ✔

**Q.47** अतुल का वेतन ₹10,000 प्रति माह है। वह ₹6,000 घर के किराए पर और ₹2,500 बिलों पर खर्च करता है, और बाकी धनराशि उसकी मासिक बचत है। एक साल में उसकी बचत (₹ में) ज्ञात कीजिए, यदि उसके जन्मदिन के महीने में, उसने अपनी सारी मासिक बचत जन्मदिन मनाने पर खर्च कर दी।

**Ans**

1. 18,000
2. 13,500
3. 15,000
4. 16,500 ✔

**Q.48** यह प्रश्न नीचे दिए गए शब्दों पर आधारित है।

(बाएं) DIE CUP BOX ASK (दाएं)

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर में बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर में बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर समूहों में कोई स्वर नहीं आएगा?

**Ans**

1. एक भी नहीं
2. दो ✔
3. तीन
4. एक

**Q.49** एक लम्ब वृत्तीय शंकु का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 5400π $cm^2$ है, तथा इसके आधार का व्यास 144 cm है। शंकु की ऊँचाई (cm में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 21 ✔
2. 16
3. 20
4. 22

**Q.50** किसी वृत्त की एक जीवा द्वारा उसके केंद्र पर बनाए गए कोण और वृत्त की परिधि के किसी भी बिंदु पर बनाए गए कोण का अनुपात कितना है?

**Ans**

1. 1 : 3
2. 1 : 2
3. 2 : 1
4. 3 : 1

**Q.51** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार को शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। P की परीक्षा गुरुवार को है। U की परीक्षा R के बाद किसी दिन और T से पहले किसी दिन है। V की परीक्षा S के बाद किसी दिन, लेकिन Q से पहले किसी दिन है। S की परीक्षा P के बाद किसी दिन है। V से पहले कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
✔ 1. 5
✘ 2. 2
✘ 3. 3
✘ 4. 4

**Q.52** फरवरी 2025 तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेहरू युवा केंद्र संगठन की पहल के तहत कितने युवाओं को व्यावसायिक कौशल में प्रशिक्षित किया गया?

Ans
✘ 1. 18,041
✘ 2. 35,677
✘ 3. 12,571
✔ 4. 28,275

**Q.53** अप्रैल 2025 में, मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने _____ को अपना उत्तराधिकारी नामित किया, जो नियुक्ति के बाद _____ होंगे/होंगी।

Ans
✔ 1. न्यायमूर्ति बी आर गवई; भारत के 52वें मुख्य न्यायाधीश
✘ 2. न्यायमूर्ति बी आर गवई; भारत के 53वें मुख्य न्यायाधीश
✘ 3. न्यायमूर्ति सूर्यकांत; भारत के 51वें मुख्य न्यायाधीश
✘ 4. न्यायमूर्ति हिमा कोहली; भारत की 53वीं मुख्य न्यायाधीश

**Q.54** 106वें संशोधन अधिनियम के अंतर्गत महिलाओं के लिए कितने प्रतिशत सीटें आरक्षित हैं?

Ans
✘ 1. 50%
✘ 2. 25%
✔ 3. 33%
✘ 4. 10%

**Q.55** जल जीवन मिशन के अनुसार, 2024 तक ग्रामीण परिवारों को नल का जल प्रदान करने का कितने प्रतिशत का लक्ष्य है?

Ans
✘ 1. 50%
✘ 2. 85%
✘ 3. 70%
✔ 4. 100%

**Q.56** P, Q, R, S, T, U और V एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के बाएं से गिनने पर R और T के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। Q, P के दाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। U, V के बाएं से तीसरे स्थान पर बैठा है। Q, U के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। S, U का निकटतम पड़ोसी नहीं है। S के दाएं से गिनने पर S और T के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✘ 1. 4
✔ 2. 3
✘ 3. 2
✘ 4. 1

**Q.57** 37 km की दूरी तय करते समय, एक व्यक्ति ने देखा कि 1 घंटा 5 मिनट तक साइकिल चलाने के बाद, उसके द्वारा तय की गई दूरी, शेष दूरी की $\frac{4}{3}$ थी। उसकी चाल (km/hr में, दशमलव के एक स्थान तक पूर्णांकित) कितनी थी?

Ans
✔ 1. 19.5
✘ 2. 14.5
3. 21.5
4. 23.1

**Q.58** कंप्यूटर में कैश मेमोरी (cache memory) का मुख्य उद्देश्य क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. उपयोगकर्ता फाइलों को स्थायी रूप से संग्रहीत करना
- ✓ 2. त्वरित पुनर्प्राप्ति के लिए प्रायः एक्सेस किए जाने वाले डेटा को संग्रहीत करना
- ✗ 3. वर्चुअल मेमोरी के रूप में कार्य करना
- ✗ 4. RAM के लिए बैकअप प्रदान करना

**Q.59** एक निश्चित कूट भाषा में, 'pizza base queen' को 'du su qw' के रूप में और 'pig queen wave' को 'ic fv su' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई भाषा में 'queen' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

**Ans**
- ✗ 1. ic
- ✓ 2. su
- ✗ 3. qw
- ✗ 4. du

**Q.60** एक मीनार के शीर्ष का भूमि पर स्थित एक बिंदु से उन्नयन कोण 30° है, वह बिंदु, मीनार के पाद से 48 m दूर है। मीनार की ऊँचाई ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ 1. $18\sqrt{3}$ m
- ✗ 2. $15\sqrt{3}$ m
- ✗ 3. $12\sqrt{3}$ m
- ✓ 4. $16\sqrt{3}$ m

**Q.61** 1530 में अपनी मृत्यु के बाद किस शासक ने अपने पीछे एक नया स्थापित साम्राज्य छोड़ा जो उत्तर भारत में विस्तृत था - पश्चिम में सिंधु नदी से लेकर पूर्व में बिहार तक और उत्तर में हिमालय से लेकर दक्षिण में ग्वालियर तक विस्तृत था?

**Ans**
- ✓ 1. बाबर
- ✗ 2. कुतुब उद-दीन ऐबक
- ✗ 3. औरंगजेब
- ✗ 4. अलाउद्दीन खिलजी

**Q.62** अप्रैल 2025 में, भारत और चीन ने सीधी यात्री उड़ानें फिर से शुरू करने के लिए चर्चा शुरू की, जो किस वर्ष से निलंबित थी?

**Ans**
- ✗ 1. 2019
- ✓ 2. 2020
- ✗ 3. 2022
- ✗ 4. 2021

**Q.63** शुष्क भूमि खेती में प्रमुख बाधा क्या है?

**Ans**
- ✗ 1. हाइब्रिड बीजों का उपयोग
- ✗ 2. उर्वरकों की कमी
- ✓ 3. जल की कम उपलब्धता
- ✗ 4. बहुत अधिक वर्षा

**Q.64** निम्नलिखित में से किसने, न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में आयोजित महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र आयोग (UNCSW) के 69वें सत्र में भागीदारी की थी?

**Ans**
- ✗ 1. नरेंद्र मोदी
- ✗ 2. रेखा गुप्ता
- ✓ 3. अन्नपूर्णा देवी
- ✗ 4. सुमिता डावरा

Q.65 97वें संविधान संशोधन के बाद, संशोधन के साथ असंगत राज्य सहकारी कानून कितने समय तक लागू रह सकता है?

Ans
1. 6 माह
2. 5 वर्ष
3. 1 वर्ष
4. 2 वर्ष

Q.66 एक पाइप किसी टैंक को 10 मिनट में भर सकता है जबकि दूसरा पाइप पूरी तरह से भरे टैंक को 20 मिनट में खाली कर सकता है। यदि खाली टैंक में दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टैंक को पूरी तरह से भरने में कितना समय (मिनट में) लगेगा?

Ans
1. 22
2. 23
3. 20
4. 21

Q.67 यह प्रश्न नीचे दी गई तीन अंकों वाली पाँच संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 956 521 251 156 335 (दाएं)

(उदाहरण: 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी हैं)

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के पहले अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
1. 9
2. 5
3. 6
4. 7

Q.68 12 विद्यार्थियों की सांख्यिकी विषय में अंक x, 28, 35, 56, 78, 63, 65, 81, 79, 83, 80, y हैं, जहाँ x और y क्रमशः न्यूनतम और उच्चतम अंक हैं। यदि अंकों का परास और औसत क्रमशः 70 और 64 है, तो क्रमित युग्म (x, y) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $(30, 100)$
2. $(23, 93)$
3. $(25, 95)$
4. $(35, 105)$

Q.69 महानदी की कुल लंबाई कितनी है?

Ans
1. 351 km
2. 200 km
3. 851 km
4. 567 km

Q.70 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

$(2x + 3)^2 - (x + 1)^2$

Ans
1. $3x^2 + 10x + 8$
2. $4x^2 + 12x + 8$
3. $3x^2 + 7x + 6$
4. $4x^2 + 10x + 6$

Q.71 2028 और 2036 ओलंपिक की तैयारियों पर चर्चा के लिए 7-8 मार्च 2025 को आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर कहाँ आयोजित किया गया?

Ans
✔ 1. हैदराबाद
✘ 2. नई दिल्ली
✘ 3. बेंगलुरु
✘ 4. मुम्बई

Q.72 यदि निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक 140 है, तो x का मान कितना होगा?

| वर्ग | 125-130 | 130-135 | 135-140 | 140-145 | 145-150 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 30 | 30 | 33 | x | 31 |

Ans
✘ 1. 46
✔ 2. 33
✘ 3. 34
✘ 4. 47

Q.73 ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार कितने प्रतिशत ग्रामीण परिवार अपनी आजीविका के लिए कृषि, पशुधन और गैर-लकड़ी वन उत्पादों (NTFP) पर निर्भर हैं?

Ans
✘ 1. 80%
✘ 2. 70%
✔ 3. 90%
✘ 4. 95%

Q.74 यदि संख्या 6154932 में प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✔ 1. दो
✘ 2. चार
✘ 3. एक
✘ 4. तीन

Q.75 बिहार का वह प्रसिद्ध लोकनृत्य कोन-सा है, जिसमें विवाहित युगलों के बीच के प्रेम और तकरार दोनों को प्रदर्शित किया जाता है?

Ans
✔ 1. जट-जटिन (Jat- Jatin)
✘ 2. गौर माड़िया (Gaur Maria)
✘ 3. सिंघी छम (Singhi Chham)
✘ 4. पाटा कुनिथा (Pata Kunitha)

Q.76 एक विक्रेता ने ₹1 में 5 चॉकलेट बेचीं, जिससे उसे 40% का लाभ हुआ। उसने ₹1 में कितनी चॉकलेट खरीदी थीं?

Ans
✔ 1. 7
✘ 2. 11
✘ 3. 13
✘ 4. 9

Q.77 एक टैक्सी स्टैंड से दो टैक्सी 28 मिनट के अंतराल पर 74 km/hr की चाल से चलना शुरू करती हैं, दोनों टैक्सी एक ही दिशा में यात्रा करती हैं। टैक्सी स्टैंड की ओर विपरीत दिशा से आ रहा एक आदमी टैक्सियों से 10 मिनट के अंतराल पर मिलता है। आदमी की चाल (km/hr) में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✘ 1. 125.5
✘ 2. 128.8
✘ 3. 143.1
4. 133.2

Q.78 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा, # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो जाए?

**# : LPR :: PSV : %**

Ans
1. # = HNT, % = TUT ✔
2. # = FNR, % = RVM ✘
3. # = FMP, % = RUY ✘
4. # = HMR, % = TVW ✘

Q.79 निम्नलिखित में से कौन-से अक्षर-समूह # और % के स्थान पर आने चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म का पैटर्न और संबंध :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : AND :: RWX : %**

Ans
1. # = UTZ, % = OZV ✘
2. # = LCT, % = XQB ✘
3. # = XQB, % = UTZ ✔
4. # = OZV, % = LCT ✘

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**FCA GDB HEC IFD ?**

Ans
1. JHE ✘
2. JHF ✘
3. JGE ✔
4. JGF ✘

Q.81 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. KGE ✘
2. WSQ ✘
3. DAX ✔
4. SOM ✘

Q.82 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को बदला जाना चाहिए जिससे कि :: के बाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर वाले अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न और संबंध के समान हो?

**# : FLN :: TXB : %**

Ans
1. # = XTF, % = PBX ✘
2. # = LFT, % = BPJ ✘
3. # = BPJ, % = XTF ✔
4. # = PBX, % = XTF ✘

Q.83 $70+\frac{72}{6}+29-30$ को हल कीजिए।

Ans
1. 81 ✔
2. 91 ✘
3. 101 ✘
4. 52 ✘

**Q.84** पेनिसिलिन की खोज का प्रमुख प्रभाव क्या था?

Ans
1. बैक्टीरियल संक्रमण के विरुद्ध पहली प्रभावी एंटीबायोटिक ✔
2. रेबीज की रोकथाम और इलाज के लिए पहली दवा ✘
3. चेचक की रोकथाम के लिए पहला टीका ✘
4. ह्यूमन इम्यूनोडेफिशिएंसी वायरस (HIV) के लिए पहली एंटीवायरल दवा ✘

**Q.85** 2023-24 के संशोधित प्राक्कलन से 2024-25 के बजट प्राक्कलन तक भारत में स्मार्ट सिटीज मिशन के लिए आवंटन में कितने प्रतिशत परिवर्तन हुआ है?

Ans
1. -80% ✘
2. -60% ✘
3. -50% ✘
4. -70% ✔

**Q.86** बंगाल की खाड़ी अंतर-सरकारी संगठन (BOBP-IGO) की 13वीं शासी परिषद की बैठक कहाँ आयोजित की गई?

Ans
1. ढाका, बांग्लादेश ✘
2. चेन्नई, भारत ✘
3. माले, मालदीव ✔
4. कोलंबो, श्रीलंका ✘

**Q.87** फरवरी 2025 में, ISRO द्वारा विकसित वर्टिकल प्लैनेटरी मिक्सर (vertical planetary mixer) का प्राथमिक उद्देश्य क्या है?

Ans
1. अंतरिक्ष यान के लिए नई सामग्री विकसित करना ✘
2. उपग्रह संचार प्रणालियों में सुधार करना ✘
3. ठोस रॉकेट मोटर विनिर्माण की दक्षता और सुरक्षा को बढ़ाना ✔
4. गहरे अंतरिक्ष मिशनों के लिए उन्नत प्रणोदन प्रणालियां तैयार करना ✘

**Q.88** T, U, V, W, X, Y और Z में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। X की परीक्षा सप्ताह के तीसरे दिन है। X और T के बीच केवल तीन लोगों की परीक्षा है। Z की परीक्षा V के ठीक बाद है और Y की परीक्षा Z के ठीक बाद है। W की परीक्षा सोमवार को नहीं है। गुरुवार को किसकी परीक्षा है?

Ans
1. T ✘
2. Z ✘
3. V ✔
4. W ✘

**Q.89** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

**VCJ RYF NUB JQX ?**

Ans
1. FMT ✔
2. FTM ✘
3. FTN ✘
4. FNT ✘

**Q.90** समीकरण $x^2 - 2x + 13 = 0$ का विविक्तकर कितना है? साथ ही, यह भी निर्धारित करें कि इस समीकरण के कितने वास्तविक हल हैं।

Ans
1. 44, दो वास्तविक मूल ✘
2. 40, दो बराबर मूल ✘
3. −48, कोई वास्तविक मूल नहीं ✔
4. 46, एक वास्तविक मूल ✘

Q.91 निम्नलिखित में से किस एक्ट के द्वारा गवर्नर जनरल को भारत में ब्रिटिश साम्राज्य के हितों को प्रभावित करने वाले मामलों में अपनी परिषद को अधिभावी होने का प्राधिकार दिया गया था?

Ans
- ✗ 1. चार्टर एक्ट, 1813 (Charter Act of 1813)
- ✗ 2. पिट्स इंडिया एक्ट, 1784 (Pitt's India Act 1784)
- ✗ 3. रेगुलेटिंग एक्ट, 1773 (Regulating Act 1773)
- ✓ 4. चार्टर एक्ट, 1793 (Charter Act of 1793)

Q.92 m का वह मान ज्ञात कीजिए जो $\left(\frac{29}{4}\right)^3 \times \left(\frac{4}{29}\right)^2 \times \left(\frac{29}{4}\right)^{11} = \left(\frac{4}{29}\right)^{9m+7}$ को संतुष्ट करता हो।

Ans
- ✗ 1. $-\frac{18}{9}$
- ✗ 2. $-\frac{23}{9}$
- ✓ 3. $-\frac{19}{9}$
- ✗ 4. $-\frac{10}{9}$

Q.93 मान लीजिए कि x : y = 2 : 5; y : z = 4 : 7 है। यदि ₹15,120 को x, y तथा z में वितरित किया जाता है, तो x, y तथा z को प्राप्त धनराशियाँ क्रमशः (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 2,820, 4,500 और 7,800
- ✗ 2. 2,700, 6,000 और 6,420
- ✓ 3. 1,920, 4,800 और 8,400
- ✗ 4. 2,500, 5,200 और 7,420

Q.94 मेंडेलीव ने अपनी आवर्त सारणी में तत्वों को किस क्रम में व्यवस्थित किया था?

Ans
- ✗ 1. न्यूट्रॉनों की संख्या के बढ़ते क्रम में
- ✓ 2. परमाणु द्रव्यमान के बढ़ते क्रम में
- ✗ 3. परमाणु क्रमांक के बढ़ते क्रम में
- ✗ 4. परमाणु त्रिज्या के घटते क्रम में

Q.95 दो पाइप A और B, 3700 लीटर की एक टंकी को क्रमशः 9 घंटे और 6 घंटे में भर सकते हैं। यदि उन्हें एक साथ खोल दिया जाए, तो 6400 लीटर की एक खाली टंकी को भरने में उन्हें कितने घंटे लगेंगे?

Ans
- ✗ 1. $\frac{1159}{185}$ घंटे
- ✓ 2. $\frac{1152}{185}$ घंटे
- ✗ 3. $\frac{1149}{185}$ घंटे
- ✗ 4. $\frac{1153}{185}$ घंटे

Q.96 किस रियासत के शासक ने सिख समुदाय और संस्थाओं को संरक्षण दिया?

Ans
- ✗ 1. बड़ौदा के गायकवाड़
- ✗ 2. जयपुर के महाराजा
- ✓ 3. पटियाला के भूपिंदर सिंह
- ✗ 4. त्रावणकोर के राजा

**Q.97** दिए गए विकल्पों में से वह संख्या चुनिए जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।
37 55 66 84 95 113 ?

Ans
1. 145
2. 166
3. 124 ✔
4. 131

**Q.98** 2025 में, किस राज्य ने HIV, सिफिलिस और हेपेटाइटिस B के माँ से बच्चे में संचरण का उन्मूलन 2026 तक कर लेने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की?

Ans
1. मध्य प्रदेश
2. उत्तर प्रदेश
3. पश्चिम बंगाल ✔
4. बिहार

**Q.99** 194 + [6 x (1 - 6 + 5)] ÷ 12 को सरल कीजिए।

Ans
1. 184
2. 193
3. 191
4. 194 ✔

**Q.100** लैपटॉप में ऑपरेटिंग सिस्टम का प्राथमिक कार्य क्या है?

Ans
1. डॉक्यूमेंट्स टाइप करना
2. केवल इंटरनेट ब्राउजर रन करना
3. हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर संसाधनों का प्रबंधन करना ✔
4. वीडियो एडिट करना